देश में रामराज्य के मूल्य, आदर्श और प्रतिमान गढ़े जाएं : स्वामी रामदेव

रामायण-महाभारत के गुणों को एकत्र करने पर जो समुच्चय बनता है, वह शिवाजी महाराज हैं : स्वामी गोविन्द देव

- पतंजलि में ऋषियों के वंशधर, ऋषि परम्परा के भविष्य तैयार किए जा रहे हैं : आचार्य बालकृष्ण
- रामनवमी पर्व तथा पूज्य स्वामी रामदेव महाराज के 30वें संन्यास दिवस के अवसर पर 'छत्रपति शिवाजी महाराज कथा' का समापन

'छत्रपति शिवाजी महाराज कथा' का समापन पर पूज्य स्वामी रामदेव महाराज व श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण महाराज ने सभी देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएँ दीं।

हरिद्वार, (निसं)। शक्ति, मर्यादा व साधना का महापर्व चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के उपलक्ष्य में वेदधर्म व ऋषिधर्म के संवाहक परमपूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज के 30वें संन्यास दिवस के पावन अवसर पर परम पूज्य स्वामी गोविन्ददेव गिरि महाराज के श्रीमुख से हिन्दवी स्वराज के प्रणेता छत्रपति शिवाजी महाराज की यशोगाथा 'छत्रपति शिवाजी महाराज कथा' का समापन पतंजलि विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ। पूज्य स्वामी रामदेव महाराज व श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण महाराज ने सभी देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएँ दीं और व्यासपीठ को प्रणाम करते हुए पूज्य गोविन्ददेव गिरि महाराज से कथा प्रारंभ करने का अनुरोध किया।

''छत्रपति शिवाजी महाराज कथा'' के समापन अवसर पर पूज्य स्वामी गोविन्द देव गिरि जी महाराज ने कहा कि रामायण और महाभारत के सभी गुणों को एकत्र करने पर जो समुच्चय बनता है, वह शिवाजी महाराज हैं। एक हजार वर्ष की गुलामी के पश्चात छत्रपति शिवाजी महाराज पहले व्यक्ति थे जिन्होंने भारत के स्वाभिमान को जगाया, अखिल भारत का विचार किया। उनका दृष्टिकोण था कि हमारे सभी तीर्थ मुक्त होने चाहिए और हिन्दुत्व का स्वाभिमान हम सबके भीतर जगना चाहिए। उनके द्वारा स्थापित हिन्दवी साम्राज्य के 350 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं और मेरी वर्षों की इच्छा थी कि रामायण, भागवत आदि कथाओं की भाँति छत्रपति शिवाजी महाराज की भी कथा होनी चाहिए ताकि लोगों को सदाचार, पुरुषार्थ और राष्ट्रीय भावना का निरंतर संदेश मिलता रहे। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की कथा के आयोजन के लिए स्वामी रामदेव जी व पतंजलि परिवार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हिन्दु साम्राज्य वर्ष को 350 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं जिसका वर्ष भर उत्सव चलेगा, इसका आरम्भ छत्रपति के अंश बने स्वामी रामदेव जी के द्वारा पतंजलि योगपीठ से होने पर हमें गर्व है। कार्यक्रम में स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि इस कथा का उद्देश्य शिवाजी महाराज ने जो शौर्य, पराक्रम तथा प्रचण्ड पुरुषार्थ किया वही प्रचण्ड पुरुषार्थ देश के लोगों में गौ-माता, भारत माता की रक्षा व अखण्ड भारत के निर्माण के लिए जगे। ऐसे महापुरुष के शौर्य से सनातनधर्मी जगें और इस देश को शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक व वैचारिक सांस्कृतिक गुलामी से आजादी दिलाएँ। 1835 में मैकाले जो पाप करके गया, उस शिक्षा की गुलामी के साथ-साथ रोगों-भोगों, आर्थिक व विलासिता की गुलामी से भी मुक्ति मिले। बहुमत के आधार पर देखा जाए तो हमारा संकल्प है कि पूरे विश्व में लगभग 500 करोड़ से अधिक सनातनधर्म को मानने वाले लोग तैयार हों, क्योंकि सनातन धर्म एक जीवन पद्धित है। इस रामनवमी पर हमारा संकल्प है कि इस राष्ट्र में रामराज्य आए और पूरे विश्व में रामराज्य के मूल्य, आदर्श और प्रतिमान गढ़े जाएं। उन्होंने कहा कि रामराज्य हमारे आचरण की श्रेष्ठता से ही आएगा। राम हमारे आचरण की पवित्रता, अवतारी सत्ता और उपास्य देव हैं, हम राम-कृष्ण व ऋषि-ऋषिकाओं की संतान हैं। राम एक आदर्श पिता, पुत्र, शासक और तपस्वी हैं। हमारे मन के भीतर राम और सीता का विठाह है। हम राम-सीता, लक्ष्मी-नारायण, भगवती, उमा-महेश्वर के साक्षात विग्रह, मूर्त्त रूप व उनके उत्तराधिकारी बनकर उन सबके सपनों को साकार करने वाले बनें।

100 प्रतिशत मतदान के संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि हमारा जीवन हमारे सांस्कृतिक सनातन संविधान से चलता है लेकिन राष्ट्र देश के संविधान से चलता है और संविधान ने हमें वोट करने का अधिकार दिया है। राष्ट्रिहत में 100 प्रतिशत मतदान करें और सनातन धर्म की जड़ों से जुडे लोगों की सरकार बननी चाहिए, उनको वोट करें। ऐसी सरकार चुनें जो विरासत, विकास, संस्कृति व समृद्धि को महत्व दे। एक तरफ हमारे कल्चर को लेकर चले और दूसरी तरफ इस देश को विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक व सामरिक महाशक्ति बनाने में समर्थ हो, ऐसी सरकार चुनेंगे तो सभी भारतीयों के सपने पूर्ण होंगे। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण महाराज ने कहा कि आज रामनवमी का पावन पर्व है, भगवान् श्री राम आपके जीवन में प्रसन्नता, उल्लास, निरोगता और जीवन की सम्पूर्ण खुशियां प्रदान करें। उन्होंने कहा कि आज पतंजलि योगपीठ के अभिभावक, संकल्प, शिल्पी श्रद्धेय स्वामी जी का 30वाँ संन्यास दिवस है। एक तरह से मैं कहूं तो हम सबके बापू आज तीस वर्ष के हो गये हैं। उन्होंने कहा कि पतंजलि में हमारे ऋषियों के वंशधर, ऋषि परम्परा के भविष्य तैयार किए जा रहे हैं। उस ऋषि परम्परा को आगे बढ़ाना है, जीवित और जागृत रखना है। आज हमारे सैकड़ों तपस्वी, ब्रह्मचारी, तपस्वी साधु, तपस्वी संन्यासिनी बहनें उस मिशन, उस जन अभियान को अपना अभियान बनाकर स्वयं को तपाने के लिए, खपाने के लिए अपने आप को आहूत करने के लिए निकल पड़े हैं। अग्नि में तप कर कषाय वस्त्रों में अपने आप को देदीप्यमान करते हुए जब मैं इन साधु व संन्यासिनियों को देखता हूँ तो श्रद्धा का भाव स्वतः ही जागृत हो जाता है। कथा के पश्चात शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक किया गया। पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा शिवाजी महाराज के चरित्र पर आधारित नाट्यय प्रस्तुति का प्रदर्शन किया गया जिसमें छत्रपति के नेतृत्व में मराठा मावलों के शौर्य, वीरता व पराक्रम ने युवाओं के मन में राष्ट्रवाद की भावना का संचार किया। श्री राम जी की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष श्री एन.पी. सिंह, पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति प्रो. महावीर अग्रवाल, मानविकी संकायाध्यक्षा साध्वी आचार्या देवप्रिया, आचार्यकुलम् की उपाध्यक्षा डॉ. ऋतम्भरा, पतंजलि योगपीठ की क्रय समिति अध्यक्षा बहन अंशुल, संप्रेषण विभाग की विभागाध्यक्षा बहन पारूल, भारत स्वाभिमान के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी भाई राकेश 'भारत' व स्वामी परमार्थदेव, मुख्य महाप्रबंधक (ट्रस्ट) ब्रिगेडियर टी.सी. मल्होत्रा, आचार्यकुलम् की प्रधानाचार्या आराधना कौल, पतंजलि विश्वविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. सैल के अध्यक्ष प्रो. के.एन.एस. यादव, कुलानुशासक स्वामी आर्षदेव सहित सभी शिक्षण संस्थान यथा- पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्वविद्यालय एवं पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्यगण व विद्यार्थीगण, पतंजलि संन्यासाश्रम के संन्यासी भाई व साध्वी बहनें तथा पतंजलि योगपीठ से सम्बद्ध समस्त इकाइयों के इकाई प्रमुख, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

पर्यावरण को बचाने का दिया संदेश

पावटा, (निसं)। पेड पौधे हमें आक्सीजन प्रदान करते हैं साथ ही पर्यावरण को साफ सुथरा व संतुलित बनाए रखने में इनका विशेष योगदान रहता है। इसी संदेश को लेकर फुटबॉल के कोच हर्षवर्धन शर्मा व यशवर्धन शर्मा दोनो जुडवां भाईयों ने अपना जन्मदिन पौधारोपण कर मनाया। फुटबॉल कोच हर्षवर्धन शर्मा व यशवर्धन शर्मा ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है, सभी को अपने जन्मदिन पर पौधे लगाने की पहल करनी चाहिए और वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस दौरान यूथ हॉस्टल पटियाला मैनेजर राजेश शर्मा ने भी कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधा रोपण करना जरूरी है। हम सभी को पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण को अपनी आदत बनाना चाहिए ताकि हम आने वाली पीढियों को एक अच्छा स्वच्छ वातावरण दे सकें। इस दौरान एथलेटिक्स कोच उदयसिंह मीना झारखंड से जितेन्द्र, परमजीत सिंह , तरनदीप, सोनू सिंह आदि लोग मौजूद रहे तथा उपस्थित लोगो ने हर्षवर्धन व यशवर्धन को जन्मदिन की शुभकामनाए दी।

एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

निवाई, (निसं)। ईवीएम को सील व टेक करने से पूर्व कार्मिकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरेशकुमार हरसोलिया के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। दक्ष प्रशिक्षक सीताराम शर्मा ने कार्मिकों को प्रशिक्षण देते कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में वीवीपैट, बीयू व सीयू तीन पार्ट होते हैं। इनको सीलिंग व टेक से पहले कई प्रक्रियाओं से गुजरना पडता है। उन्होंने कहा कि ने ईवीएम वीवीपैट को सील करते समय नई बैट्री लगाना, पेपर रोल लगाकर एड्रेस टेक को सील करना, बीयू को में बटनो की नास्किंग करना, प्रत्याशियों के मतपत्र लगाकर थम विल सेट करना है। उन्होंने बताया कि सीयू में प्रत्याशी सेट करना आदि के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में निर्वाचन शाखा के अमित जोशी सहित दक्ष प्रशिक्षक सहित कई कार्मिक मौजूद थे।

वोट डालने के लिए प्रोत्साहित किया

निवाई, (निसं)। लोकसभा चुनाव को लेकर नगरपालिका द्वारा 60 प्रतिशत से कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों पर नुक्कड नाटक के माध्यम से लोगों को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान करने का सभी को अधिकार है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र के महापर्व में भागेदारी निभाएं। इस दौरान लोगों को उनके मताधिकार का उपयोग कर वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बस स्टैंड, वनस्थली मोड, अहिंसा सर्किल, अंबेडकर सर्किल व कीर मोहल्ला में नुक्कड नाटक द्वारा लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर राजस्व अधिकारी नवरतन शर्मा, राजस्व निरीक्षक मनीष गौर, सहायक अभियंता चंद्रप्रकाश मीना, कनिष्ठ अभियंता राज राणावत व पप्पूलाल मीना आदि कर्मचारी मौजूद थे।

कन्यादान के लिए 25 लाख की राशि

निवाई, (निसं)। श्रीराम महाराज ने परोपकार व मानव कल्याण को अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर नशा मुक्ति अभियान चलाकर अब तक 4 लाख लोगों को नशे की लत से छुडाकर उनका जीवन परिवर्तन कर दिया है। इसी के साथ श्रीराम महाराज ने एक और कन्यादान मिशन के अंतर्गत पूरे वर्ष में 500 बालिकाओं की शादी करवाने की अनुठी पहल का निर्णय लिया है।। इसके लिए श्रीराम महाराज ने नवरात्रि की अष्टमी पर फिर 11 बच्चियों के लिए करीब 25 लाख रुपए का सहयोग किया है। उन्होंने बताया कि मिशन के तहत अब तक 101 बेटियों शादी करवा दी गई है।

भाजपा महिला मोर्चा टोंक जिला संयोजक अंजली गुप्ता के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी जौनापुरिया के लिए वोट अपील कर रही है। महिला मोर्चा की टीम ने अंजली गुप्ता के नेतृत्व में बंबोर रोड पर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान उपस्थित महिलाओं ने गीत गाकर भाजपा को समर्थन देने की बात रखी। जिला संयोजक अंजली गुप्ता ने बताया कि टोंक जिले की लगभग प्रत्येक पंचायत में भाजपा के पक्ष में माहौल है, टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर भाजपा की विजय निश्चित है। जनसंपर्क कार्यक्रम में गुप्ता के साथ जिला मंत्री अनीता गुर्जर, संतोष जी, सुशीला जी, राधा, रामप्यारी, लक्ष्मी सहित कई महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

घर घर लहराई जैन ध्वजाएं

निवाई, (निसं)। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान मे आयोजित होने वाले तीन दिवसीय महावीर जयंती जन्म कल्याणक महोत्सव को लेकर निवाई शहर में घर घर जैन ध्वजाएं स्थापित की जा रही है। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि 19, 20 और 21 अप्रैल को भगवान महावीर जयंती महोत्सव मनाए जाने को लेकर मांगलिक क्रियाएं की शुरुआत की जिसमें बुधवार को युवा वर्ग ने घर घर जाकर पचरंगी ध्वजाओं को स्थापित किया। सुनील भाणजा ने बताया कि भगवान महावीर जयंती जन्म कल्याणक महोत्सव पर घर घर जैन ध्वज पताकाएं लहराई जाएंगी। जौंला ने बताया कि 19 अप्रैल को भगवान पार्श्वनाथ एवं भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

बिंदौरी व बारात घोड़ी पर निकाले जाने पर विरोध गहराया

टोंक, (निसं)। मेहन्दवास थाना क्षेत्र में 17 अप्रेल को अनुसूचित वर्ग के परिवार ने थाने पहुंचकर परिवाद दर्ज कराया कि उसके पुत्र रणजीत बैरवा पुत्र रामस्वरूप बैरवा निवासी बिलामाता का विवाह सोना बैरवा पुत्री प्रहलाद बैरवा निवासी हाडी खुर्द तहसील पीपलू के साथ गुरूवार को सम्पन होने जा रहा है तथा परिवादी को गांव के ही अन्य समुदाय के (श्रवण) के लोगों ने घोडी पर बैठकर बिंदौरी व बारात निकाले जाने को लेकर आपति जताई तथा धमकाया कि इसके परिणाम अच्छे नहीं होगें।

उक्त सूचना की जानकारी प्राप्त करते हुए थानाधिकारी एवं जांच अधिकारी परिवादी से मिले तथा ग्रामवासियों से भी इस सम्बन्ध में जानकारी ली गई तथा ग्राम पंचायत लाम्बाकंला सरपंच हेमराज भी वहां उपस्थित रहे।

दोनो पक्षो से समझाईश की जिस पर विपक्षी ने भी कहा कि हमे कोई एतराज नही है, एतिहातन पुलिस ने 6 व्यक्तियों को धारा 107, 116(3) के अन्तर्गत पाबन्द किया गया तथा कानून व शान्ति व्यवस्था की दृष्टि से अति. पुलिस अधीक्षक एससी.एसटी सेल, तहसीलदार टोंक 1-15 के जाप्ते के साथ कडी कानून व्यवस्था बनाते हुए गांव में बिदौरी भी निकाली गई, इस दौरान क्षैत्र में पूर्ण शान्ति रही।

जांगिड़ ब्राह्मण समाज का पंचम विवाह सम्मेलन संपन्न

जांगिड समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में विद्वान पंडितों द्वारा पाणिग्रहण संस्कार का कार्यक्रम संपन्न करवाया गया।

निवाई, (निसं)। अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा तहसील सभा व विकास समिति के तत्वावधान में श्री विश्वकर्मा मंदिर रेलवे स्टेशन रोड पर पंचम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें 38 जोडे हमसफर बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष बद्रीलाल जांगिड बिडोली, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष व पीपलू तहसील अध्यक्ष एडवोकेट हनुमानप्रसाद जांगिड रानोली, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार जांगिड बरवास, कार्यकारी जिला अध्यक्ष महेश जांगिड भरनी, सम्मेलन समिति अध्यक्ष महेंद्र सीलक दामोदरपुरा बासडा व निवाई तहसील अध्यक्ष नारायण भुरटिया ने दीप प्रज्वलन करके शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष बद्रीलाल ने कहा कि समाज शिक्षित होगा तो हर क्षेत्र में आगे बढने से कोई नहीं रोक सकता। युवाओं को शर्म छोडकर बिना झिझक आगे आना होगा तभी समाज का विकास होगा। जिला मिडिया प्रभारी कृष्णकुमार जांगिड पीपलू व सम्मेलन प्रवक्ता राजेश करीरिया ने बताया कि कार्यक्रम में समाज बंधुओं सहित जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन मे भामाशाहों की ओर से वर वधु के लिए उपहार व कन्यादान दिया गया। कार्यक्रम में बैंड बाजे के साथ दूल्हों की निकासी सफारी गाडी से श्री विश्वकर्मा मंदिर से रवाना होकर मुख्य बाजार होते हुए सम्मेलन स्थल पर पहुंची। सम्मेलन स्थल पर पहुंचकर दूल्हों ने तोरण की रस्म अदा कर वर वधुओं ने एक दूसरे को वर माला पहनाई। उसके बाद विद्वान पंडितों द्वारा पाणिग्रहण संस्कार का कार्यक्रम संपन्न करवाया गया। पाणिग्रहण संस्कार के बाद आशीर्वाद समारोह का आयोजन हुआ। मंच संचालन सियाराम जांगिड डिग्गी ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष हरिशंकर जांगिड, सवाईमाधोपुर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र भाडोती, तहसील सभा अध्यक्ष राधेश्याम जांगिड पालडी, हनुमान प्रसाद रानोली, डिग्गी महामण्डल अध्यक्ष सीताराम जांगिड लावा, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद बावडी, कोटखावदा तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण, सांगानेर तहसील अध्यक्ष चौथमल, जगदीश जयपुर, तहसील अध्यक्ष रामप्रसाद थडोली, बरवाडा तहसील अध्यक्ष रतन टापुर, सम्मेलन समिति अध्यक्ष शंकर लाल झालुण्डिया, उनियारा तहसील अध्यक्ष नारायण बालीथल, नगरफोर्ट अध्यक्ष हनुमान जांगिड, चाकसू तहसील अध्यक्ष द्वारका प्रसाद जांगिड, रामपुरा तहसील अध्यक्ष ताराचंद ढुढीया, राजेश नोहटा, महेन्द्रए कोषाध्यक्ष घनश्याम बासडा, किशन टापुर, महामंत्री राजू झिलाई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेश्याम हरभगतपुरा बांसवाडा, दिनेश कुंडा वाले, शंकरलाल, हनुमान, सूर्या, महामंत्री रामविलास चैनपुरा, मनीष बहकवा, सुरेश सिरोही, मुकेश किंवाडा, सत्यनारायण बिडोली, विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद जांगिड जेतपुरा, मंदिर अध्यक्ष सुरेश खारीकुई, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज भांवता, शिवदयाल खण्डवा, महामंत्री केदार नारायण पीपलू, राधेश्याम, भंवरलाल, मखनलाल, रामप्रसाद मालपुरा, युवा प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण जांगिड, अवधेश, गौरीशंकर लावा सहित जयपुर, अजमेर, सवाईमाधोपुर, लालसोट, करौली, केकडी, दूदू व दौसा सहित अन्य स्थानों के समाज के लोग मौजूद थे।

मतदाताओं को किया जागरूक

टोंक, (निसं)। लोकसभा चुनाव-2024 के तहत मतदान दिवस 26 अप्रैल को जिले में अधिकाधिक मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधवार की शाम को सात दिवसीय सतरंगी सप्ताह का शुभारंभ बैंगनी रंग की थीम के साथ हुआ। जिला मुख्यालय के नेहरू पार्क में स्थानीय लोक कलाकारों ने लोक नृत्य एवं लोक अभिव्यक्ति के माध्यम से हम नाचेंगे-गाएंगे, वोट डालकर आएंगे स्लोगन को साकार करते हुए मतदान के प्रति लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपखंड अधिकारी टोंक राहुल सैनी ने माँ शारदे की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने मतदाता जागरूकता के नुक्कड नाटक के माध्यम से सभी लोगों का ध्यान अपनी और खींचा। इस दौरान विकास अधिकारी सविता राठौड, सीडीपीओ संगीता दीपक, डेडिकेडेट एआरओ निर्भय शर्मा, सीबीईओ सीताराम गुप्ता, सीओ गिरिराज गर्ग, एनसीसी के बाकिर हुसैन, अरविंद शर्मा समेत अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

सीएलजी व शांति समिति की बैठक संपन्न

निवाई, (निसं)। श्रीरामनवमी व महावीर जयंती पर्व को लेकर थाना परिसर में सीएलजी व शांति समिति की बैठक उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार हरसोलिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। थाना अधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि शांति व्यवस्था को लेकर उपखंड अधिकारी ने सभी सदस्यों से शहर की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। बैठक में मनोज पाटनी, पार्षद महावीर जैन पराणा, नितिन कुमार जैन, राजू, दिनेश आदि मौजूद थे।

जीप अनियंत्रित होकर पलटी, एक की मौत, चार घायल

बौंली-बामनवास, (निसं)। क्षेत्र के मलारना डूंगर थाना अंतर्गत कोटा - लालसोट मेगा हाईवे पर देर रात्रि को एक कमांडर जीप बजरी से भरी तेज गति सी आ रही अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली को बचाने के फेर में पलट गई जिसमें सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमे से एक गंभीर घायल प्रसादी लाल मीणा उम्र 45 वर्ष निवासी शेषा की सवाई माधोपुर जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई एवं एक गंभीर घायल हनुमान मीणा को सवाई माधोपुर जिला चिकित्सालय से जयपुर के लिए रैफर किया गया है। मलारना डूंगर थाना प्रभारी रामनाथ सिंह ने बताया कि मंगलवार रात्रि को कोटा-लालसोट मेगा हाईवे पर एक कमांडर जीप अनियंत्रित होकर पलट गई सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं पांचो घायलों भाडोती चिकित्सालय प्राथमिक उपचार के बाद सवाई माधोपुर जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां उपचार के दौरान प्रसादी लाल मीणा उम्र 45 वर्ष निवासी शेषा की मौत हो गई एवं एक गंभीर घायल हनुमान मीणा को सवाई माधोपुर से जयपुर के लिए रैफर किया गया है सड़क दुर्घटना में पुखराज, लालजी, बृजलाल, प्रसादी लाल व हनुमान मीणा 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनमें से एक की मौत हो गई एक को गंभीर रूप से घायल अवस्था में जयपुर रैफर किया गया है शेष तीनों का सवाई माधोपुर चिकित्सालय में उपचार चल रहा है सभी लोग मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के शेषा गांव निवासी थे।

'भये प्रगट कृपाला, दीन दयाला' के जयकारों के साथ मनाया रामजन्मोत्सव

- मंदिरों व देवालयों में सामूहिक सुंदरकांड का पठन

बारादरी बालाजी मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव पर झांकी सजाई।

मालपुरा, (निसं)। चैत्र नवरात्रा के अंतिम व नवमी तिथि राम नवमीं पर बारादरी बालाजी मंदिर में श्रद्धालुओं ने भय प्रगट कृपाला दीन दयाला के जयकारों के साथ मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया।

मंदिर में विराजीत रामदरबार की प्रतिमाओं का पंचामृत का स्नान करवा पिताम्बरी वस्त्र धारण करवाये गये। फुलबंगला झांकी सजाई गई। दोपहर में महिला मण्डल द्वारा रामनाम संर्कितन का आयोजन किया गया। जन्मोत्सव पर भगवान को ऋतु फलों व पिंजरी का भोग लगा श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्थानिय गायक गीता विजय, राखी विजय, कृष्णा विजय, राजेश , सहित अन्य कलाकारों ने एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुतियां दे भक्तों को झुमने पर विवश कर दिया। सत्यनारायण , जगदीश, श्यामसुंदर विजयवर्गीय डुंगरी वालों के परिवारजनों की ओर से रामजन्मोत्सव का सोभाग्य प्राप्त किया। राम जन्म पर 51 दीपकों से रामदरबार की आरती उतारी गई। बालाजी महाराज व शिव परिवार की मनमोहक झाकी सजा भव्य आतिशबाजी की गई।

कोटपूतली। क्षेत्र में बुधवार को श्री रामनवमी का पर्व बड़े ही धुमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कस्बा स्थित श्रीराम भवन परिसर में श्रीराम सभा समिति की ओर से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम का आलौकिक श्रृंगार कर मन्दिर को विशेष रूप से सजाया गया। भगवान श्रीराम दरबार की मनमोहक झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं द्वारा भये प्रगट कृपाला का वाचन करने के साथ ही श्रीराम जन्म के वृतान्त सहित राम धुनि के माध्यम से भगवान श्रीराम का गुणगान किया गया।

बौंली-बामनवास। रामनवमी पर अनेकों मंदिरों व देवालयों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर खेड़ापति बड़े बालाजी प्रांगण में नगर के महिला, पुरुषों ने सामूहिक सुंदरकांड का पठन किया। मुख्य कार्यक्रम श्री राम मंदिर पर ब्रह्म समाज सेवा समिति बौंली द्वारा आयोजित किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी जोशी, ब्रह्म समाज के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी नाथूलाल जोशी, शंभू दयाल जोशी, ओम प्रकाश शर्मा, संगीतज्ञ दिनेश पुरी, शिवचरण बुंदेला एवं अरविंद शर्मा सहित अनेको महिला, पुरुषों ने संगीतमय सुंदरकांड का पठन किया गया

टोंक। जिला मुख्यालय पर रामनवमीं के अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति टोंक द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर भव्य श्रीराम वाहन शोभायात्रा निकाली गई, समिति के संयोजक विजय चौधरी ने बताया कि शोभायात्रा जय श्री राम, वन्देमातरम के जयगोष के साथ गांधी खेल मैदान डिपो से मोटरसाईकिल से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य बाजार से होते हुए रामलीला मैदान गीता मंदिर पहुँची, जहाँ पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक मोहन कुमार, टभ्च जिला संगठन मंत्री पवन कुमार ने भगवान श्रीराम महाआरती कर यात्रा का समापन किया। शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर शहर के नागरिकों ने स्वागत किया। शोभायात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन, शिक्षाविद महेन्द्र चौध्री, गुड्डू चावला, राधेश्याम चावला, विनायक जैन, चन्द्रवीर सिंह चौहान, राजेन्द्र पराना, नरेश बसंल, वेणी प्रसाद जैन, प्रभु बडोलिया, अजय सैनी सांखला, कार्तिक बम्ब, रोहित, हेमंत पंवार, राजेंद्र सैनी टैंकर इत्याआदि रामभक्त उपस्थित रहे।

गोविंदगढ/अलवर। कस्बे के सीताराम मंदिर से रामनवमी की झांकियो को भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता रामगढ विधानसभा के प्रत्याशी रहे पहले श्री राम भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया उसके बाद जय आहूजा ने झंडी दिखाकर रामनवमी की शोभायात्रा को आरंभ किया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रवि शर्मा सनातनी मोहित बटवाडा कुलदीप शर्मा गोविंद गौतम मीडिया प्रभारी लाखन सोलंकी रविकांत शर्मा पूर्व सरपंच नीरज गर्ग गोपाल सोलंकी कैलाश शर्मा सचिन शर्मा रमेश मीणा विक्रम सिंह सैकडों कार्यकर्ता कस्बे के बडे छोटे बुजुर्ग महिला शोभायात्रा में शामिल थे।